—: कार्यालय—प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बालाघाट (म0प्र0) :—

—: विविध आदेश :—

क्रं0— 02 / दो—12—47 / 2021 बालाघाट, दिनांक 08 जनवरी, 2022

मध्य—प्रदेश की जिला एवं सत्र न्यायालयों की स्थापनाओं पर "चतुर्थ श्रेणी (वाहन—चालक, भृत्य / चौकीदार / जलवाहक, माली एवं स्वीपर) कलेक्टर रेट / आकस्मिकता निधि से वेतनभोगी कर्मचारियों की सीधी भर्ती / नियुक्ति प्रकिया सम्पन्न कराये जाने हेतु माननीय उच्च न्यायालय म0प्र0 जबलपुर द्वारा जिला स्थापना बालाघाट में साक्षात्कार कार्यक्रम दिनांक 16—01—2022 को नियत किया गया है।

उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर से प्राप्त परिपत्र कं0—ए / 136 / 2022, जबलपुर दिनांक 07—01—2022 में दिये गये निर्देशानुसार वर्तमान में कोविड—19 सह ओमीक्रॉन वैरिएंट के बढ़ते संक्रमण से मध्यप्रदेश राज्य के जिला एवं सत्र न्यायालयों की स्थापनाओं पर कार्यरत न्यायिक अधिकारी—गण, अभिभाषक—गण, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी—गण तथा पक्षकारों की उक्त वायरस से संक्रमण से सुरक्षा का उत्तरदायित्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को सौंपा है। ऐसी स्थिति में उपरोक्त आकस्मिकता निधि वेतनभोगी कर्मचारियों की सीधी भर्ती के साक्षात्कार के लिए प्रदेश के विभिन्न स्थानों से उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या को देखते हुए जिला न्यायालय में संक्रमण बढ़ने की संभावना है।

अतः वर्तमान में कोविड—19 वायरस एवं ओमीक्रॉन वैरिएंट के संक्रमण की दर में हो रही वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए इस न्यायिक जिला स्थापना बालाघाट में "चतुर्थ श्रेणी (वाहन—चालक, भृत्य / चौकीदार / जलवाहक, माली एवं स्वीपर) कलेक्टर रेट / आकस्मिकता निधि से वेतनभोगी कर्मचारियों की सीधी भर्ती / नियुक्ति हेतु आयोजित साक्षात्कार दिनांक 16—01—2022 को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश पर्यन्त स्थगित किया जाता है।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
बालाघाट (म0प्र0)

पृ0क्रं0—58 / दो—12—47 / 2021 बालाघाट, दिनांक 08 जनवरी, 2022

प्रतिलिपि :—

1. निज सचिव, माननीय पोर्टफोलियो न्यायाधिपति महोदय, (जिला—बालाघाट) उच्च न्यायालय, मध्य—प्रदेश, जबलपुर की ओर माननीय पोर्टफोलियो न्यायाधिपति महोदय के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत किए जाने हेतु सादर प्रेषित।
2. माननीय रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. प्रिंसिपल रजिस्ट्रार (परीक्षा), उच्च न्यायालय मध्य—प्रदेश, जबलपुर की ओर सूचनार्थ एवं इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि, संबंधित सेवा—प्रदाता को निर्देशित करने का कष्ट करें कि, इस स्थापना पर दिनांक 16—01—2022 को आयोजित साक्षात्कार के स्थगन की सूचना समस्त अभ्यर्थियों को देने हेतु यथोचित व्यवस्था की जावे।
4. श्री राजाराम भारतीय, विशेष न्यायाधीश / अध्यक्ष, साक्षात्कार समिति, बालाघाट
5. श्री दिनेश कुमार प्रजापति, मु0न्या0मजि0 / सदस्य, साक्षात्कार समिति, बालाघाट
6. श्री मोहित माधव, चतुर्थ व्य0न्या0क0ख0 / सदस्य, साक्षात्कार समिति, बालाघाट
7. प्रभारी अधिकारी, नजारत / कम्प्यूटर अनुभाग, बालाघाट
8. कलेक्टर, जिला बालाघाट म0प्र0
9. पुलिस अधीक्षक, जिला बालाघाट म0प्र0

... की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

10. जिला जन—सम्पर्क अधिकारी, बालाघाट को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि, उक्त साक्षात्कार दिनांक 16—01—2022 स्थगित होने की सूचना प्रकाशित करवाया जाना सुनिश्चित करें।
11. श्री नवीन कुमार तिवारी, जूनियर सिस्टम एनालिस्ट, बालाघाट की ओर सूचनार्थ एवं इस निर्देश के साथ प्रेषित कि, उक्त आदेश की प्रति उच्च न्यायालय जबलपुर की वेबसाईट पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
बालाघाट (म0प्र0)

O/c